Rapid Fire करेंट अफेयर्स (05 September)

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-september-05

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच **20वाँ भारत-रूस शिखर सम्मेलन** 4 सितंबर को रूस के **व्लादिवोस्तोक** में हुआ। इसमें तेल और गैस, खनन, रक्षा और सुरक्षा, हवाई और समुद्री कनेक्टिविटी, आणविक ऊर्जा, परिवहन संरचना, व्यापार और निवेश संबंधी विषयों पर विस्स्तार से चर्चा हुई। भारत और रूस के बीच हुई शिखर वार्ता के बाद दोनों देशों ने रक्षा, तकनीक, ऊर्जा से लेकर स्पेस मिशन तक 15 अहम समझौते किये। इनमें तेल और गैस के क्षेत्र में 4, LNG और कोकिंग कोल, व्यापार और निवेश में 5, बुनियादी ढाँचे में दो और रक्षा और दृश्य-श्रव्य उत्पादन में 1-1 समझौता शामिल हैं। रक्षा मामलों पर हुआ समझौता संयुक्त उद्यम के माध्यम से मेक-इन-इंडिया कार्यक्रम के तहत रूसी हथियारों के लिये स्पेयर पार्ट्स के उत्पादन के बारे में है। बुनियादी ढाँचे में हुए समझौतों में कनेक्टिविटी में सुधार के लिये **व्लादिवोस्तोक और चेन्नई के बीच समुद्री लिंक** की स्थापना करने की बात कही गई है। एक अन्य समझौता **आर्कटिक क्षेत्र** में खाना पकाने के कोयले की खोज तथा रूस से LNG की आपूर्ति से संबंधित है। वर्ष 2019-22 के दौरान **सीमा शुल्क उल्लंघन** से निपटने के लिये भी एक समझौता किया गया है। **निवेश सहयोग** के लिये **भारत और रूसी प्रत्यक्ष निवेश कोष** के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर किये गए हैं। इसके इतर भारतीय प्रधानमंत्री ने **पाँचवें ईस्टर्न इकोनॉमिक फोरम** में बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लिया, जिसके लिये व्लादिमीर पुतिन ने उन्हें व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित किया था। साथ ही रूस ने प्रधानमंत्री मोदी को अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान **'ऑर्डर ऑफ सेंट ऐंड्रू द अपोस्टल'** देने का भी एलान किया।
- हाल ही में **मध्य प्रदेश** से **टाइगर स्टेट** का दर्जा वापस ले लिये जाने के बाद राज्य सरकार बाघों की सुरक्षा के लिये **टाइगर स्ट्राइक फोर्स** का गठन करने जा रही है। इसके लिये राज्य सरकार ने केंद्र को तीन प्रस्ताव भेजे हैं। इनमें फोर्स के लिये जवानों की भर्ती और पुलिसकर्मियों को प्रतिनियुक्ति पर लेने का प्रस्ताव भी शामिल है। राज्य ने केंद्र से धनराशि की मांग भी की है तथा केंद्र ने 60 प्रतिशत धनराशि पर सहमति जताई है और शेष 40 प्रतिशत राशि राज्य को देनी होगी। इस फोर्स के कामकाज की निगरानी नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी (NTCA) करेगी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2012 में केंद्र सरकार ने सभी राज्यों को ऐसी टाइगर फोर्स गठित करने को कहा था तथा इसके लिये 50 प्रतिशत धनराशि देने पर भी सहमति जताई थी, लेकिन मध्य प्रदेश सरकार ने तब फोर्स गठन का फैसला नहीं लिया, जबकि कर्नाटक सरकार ने उसी वर्ष इसका गठन कर लिया था। विदित हो कि वर्ष 2018 की बाघ गणना के मुताबिक मध्य प्रदेश में **526 बाघ** हैं और यह संख्या देश के किसी भी राज्य में सर्वाधिक है।
- देशभर में 5 सितंबर को **शिक्षक दिवस** का आयोजन किया जाता है। इस देश के पहले उपराष्ट्रपति तथा दूसरे राष्ट्रपति **डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन** का जन्मदिन होता है, जिन्होंने अपने छात्रों से इस दिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाने का आग्रह किया था। वर्ष 1962 से यह दिन शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन स्टूडेंट्स अपने-अपने तरीके से शिक्षकों के प्रति आदर और सम्मान प्रकट करते हैं **विश्व शिक्षक दिवस** 5 अक्तूबर को मनाया जाता है। **यूनेस्को** ने वर्ष 1994 में शिक्षकों के कार्य की सराहना के लिये 5 अक्तूबर को विश्व शिक्षक दिवस के रूप में मनाने को लेकर मान्यता दी थी। वैसे दुनिया के 100 से ज्यादा देशों में अलग-अलग तारीख पर शिक्षक दिवस मनाया जाता है।